झारखण्ड सरकार,
झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग
कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010
दूरभाष सं0–0651–2440226, 2440234, 2440235 फैक्स–0651–2440226
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या– 06/2017
झारखण्ड पुलिस रेडियो ऑपरेटर प्रतियोगिता परीक्षा–2017

1. गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवाएँ एवं संचार का कार्यालय के अधीन पुलिस रेडियो ऑपरेटर के 692 पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

2. **रिक्तियों की विवरणी :–**

पदनाम	कुल रिक्तियाँ कोटिवार	वर्गवार रिक्ति पुरूष	वर्गवार रिक्ति महिला
पुलिस रेडियो ऑपरेटर	अनारक्षित –348	233	115
	अनु0जाति–69	46	23
	अनु0 जन जाति–180	121	59
	अ0 पिछड़ा वर्ग (अनु0–1)–55	37	18
	पिछड़ा वर्ग (अनु0–2)–40	26	14
कुल	692	463	229

3. **वर्णितपद का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् है:–**

क्रम सं॰	पदनाम	वेतनमान	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता(आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को)
1	**2**	**3**	**4**
1	पुलिस रेडियो ऑपरेटर	वेतन बैंड पी0बी0I– रू0 5200–20200 ग्रेड वेतन–रू02000/– (छठा वेतनमान)	इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान के विषयों में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण।

4. **आयु सीमा:–उम्र की गणना दिनांक 01.08.2017 के आधार पर की जायेगी।**

क्रम सं0	वर्ग	न्युनतम उम्र	अधिकतम उम्र
1.	अनारक्षित (पुरूष)	19 वर्ष	26 वर्ष
2.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति (पुरूष एवं महिला)	19 वर्ष	31 वर्ष
3.	पिछड़ा वर्ग (अनु0–2)/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनु0–1)–पुरूष	19 वर्ष	28 वर्ष
4.	अनारक्षित/पिछड़ा वर्ग (अनु0–2)/ अ0पि0व0 (अनु0–1)–महिला	19 वर्ष	29 वर्ष

5. **परीक्षा का स्वरूप :–आयोग द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) लिया जायेगा तथा एक विषय की परीक्षा यदि विभिन्न समूहो में लिया जाता है तो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का normalisation किया जायेगा। Normalisation का सूत्र अलग से**

आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित रहेगा। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थियों की मेधा सूची उनके प्राप्तांक के normalised अंक के आधार पर तैयार किया जायेगा तथा परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात उन्हें normalised अंक ही दिया जायेगा।

परीक्षा का स्वरूप निम्न प्रकार होगा :-

परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :- परीक्षा दो चरणों में ली जायेगी –

(क) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा

(ख) शारीरिक दक्षता परीक्षा

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा :-

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए दो पत्र होंगे। यह परीक्षा दो पाली में ली जायेगी। इसमें निम्न विषय रहेंगे :-

पत्र – 1 (भाषा ज्ञान) : कुल प्रश्न – 120, परीक्षा अवधि – 2 घंटा

(क) हिन्दी भाषा ज्ञान – 60 प्रश्न

(ख) अंग्रेजी भाषा ज्ञान – 60 प्रश्न

पत्र – 2 गणित, भौतिकी एवं रसायनशास्त्र : कुल प्रश्न – 120, परीक्षा अवधि – 2 घंटा

(क) गणित – 40 प्रश्न

(ख) भौतिकी – 40 प्रश्न

(ग) रसायन शास्त्र – 40 प्रश्न

टिप्पणी :- कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के पत्र–1 एवं पत्र–2 में प्राप्त अंकों को जोड़ कर कुल अकों के आधार पर मेधा सूची का गठन किया जायेगा।

6. परीक्षा शुल्कः-

परीक्षा शुल्क रू० 460 (चार सौ साठ रूपये) है।

परीक्षाशुल्क में छूटः-झारखण्डराज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू० 115 (एक सौ पन्द्रह रूपये) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

7. **महत्वपूर्ण तिथि**

(i)	**ऑन–लाईन आवेदन आरम्भ की तिथि**	**02.08.2017**
(ii)	**ऑन–लाईन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि**	**31.08.2017**
(iii)	**परीक्षा शुल्क भुगतान करने की विस्तारित तिथि**	**05.09.2017**
(iv)	**फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की विस्तारित तिथि**	**07.09.2017**
(v)	**कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की सम्भावित अवधि**	**19.11.2017 से 03.12.2017**

8. यह संक्षिप्त विज्ञापन आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है। आयोग के वेबसाईट– www.jssc.in अथवा www.jssc.nic.in पर परीक्षा की विविरणिका में विस्तृत सूचना उपलब्ध है जिसे इच्छुक अभ्यर्थी अवश्य डाउनलोड कर देख लें एवं उसके अनुसार ही आवेदन पत्र समर्पित करें। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

ह0/–

परीक्षा नियंत्रक।